बरेली, बुधवार
6 मई 2020
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 6.00
पृष्ठ 12

दैनिक जागरण

PAGE NO. 01 : LEFT BOTTOM

जेईई मेंस और नीट जुलाई में

राहत

- जेईई मेंस 18 से 23 जुलाई तक जबकि नीट 26 जुलाई को
- सीबीएसई की बाकी बची परीक्षाओं का एलान शुक्रवार को संभव

जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली : इंजीनियरिंग और मेडिकल में प्रवेश की तैयारी कर रहे छात्रों के लिए राहत देने वाली बड़ी खबर है। विश्वविद्यालयों की परीक्षाओं के साथ ही अब जेईई मेंस और नीट भी जुलाई में होंगे। जेईई मेंस 18 से 23 जुलाई तक, जबकि नीट 26 जुलाई को होंगे। सीबीएसई की 10वीं व 12वीं की बाकी परीक्षाओं की तारीखों का एलान भी शुक्रवार (आठ मई) को हो सकता है।

मानव संसाधन विकास मंत्री रमेश पोखरियाल निशंक ने मंगलवार को इसका एलान किया। इसके साथ ही जेईई एडवांस अब अगस्त में होंगे जिसकी तारीखों की घोषणा बाद में की जाएगी। लॉकडाउन के चलते नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने इन सभी परीक्षाओं को मई अंत तक के लिए टाल दिया गया था। इससे पहले जेईई मेंस अप्रैल में और नीट मई में प्रस्तावित थे। परीक्षाएं टलने से छात्रों के बीच बड़ा असमंजस पैदा होने लगा था। इंजीनियरिंग और मेडिकल में प्रवेश के लिए आयोजित होने वाली इन परीक्षाओं में बड़ी संख्या में छात्र शामिल होते हैं। एनटीए के मुताबिक इस साल जेईई मेंस में करीब नौ लाख छात्रों ने रजिस्ट्रेशन कराए हैं, जबकि नीट के लिए करीब 15 लाख छात्रों ने आवेदन किए हैं। एनटीएन दोनों परीक्षाओं के सेंटर बदलने की इजाजत दे चुकी है। निशंक ने 10वीं और 12वीं की बाकी रह गईं सारी परीक्षाओं की तारीखों का एलान भी अगले एक-दो दिनों में करने का एलान किया है।